# वार्षिक रिपोर्ट

सत्र : 2022–23

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली)

ज़िला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश।

दिनांकः 25 मार्च, 2023

16वां

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

माननीय मुख्य अतिथि महोदय

श्री भुवनेश्वर गौड़

विधायक, मनाली विधानसभा

हिमाचल प्रदेश सरकार

की अध्यक्षता में

प्रस्तुति

डॉ0 मनदीप शर्मा

प्राचार्य

परम श्रद्धेय श्री भुवनेश्वर गौड़, विधायक, हि0 प्र0 सरकार, छात्र अभिभावक संघ, अध्यक्ष श्री पूरन चंद जी एवं अन्य सदस्यगण, पूर्व प्राचार्य, उपस्थित अतिथिगण, प्राध्यापक वर्ग, केन्द्रीय छात्र परिषद् के प्रधान एवं अन्य सदस्यगण, पूर्व छात्र संगठन के सदस्य व सभी पत्रकार बन्धु एवं उपस्थित बुद्धि जीवी वर्ग एवं छात्र साथियो।

आज हमारे लिए यह अत्यंत ही गर्व व गौरव का विषय है कि मनाली विधानसभा क्षेत्र से विधायक लोकप्रिय नेता हमारे महाविद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए है। अपने व्यस्त कार्यों के बीच भी आपने हमारे इस आयोजन में शामिल होना स्वीकार किया उसके लिए आपका हृदय से आभारी है।

महाविद्यालय नित नए–2 आयाम स्थापित करता जा रहा है और इस बात में कोई दो राय नहीं कि आने वाले समय में भी आपके इस महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए हमें उन सभी विकास कार्यों व शैक्षणिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए आपका साथ मिलता रहेगा–हम पूरी तरह आश्वस्त हैं, हम आभारी है।

महोदय, आपकी अनुमति से मैं प्राचार्य, रा0म0वि0 हरिपुर डॉ0 मनदीप शर्मा सत्र 2022–23 के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक (Co-Curricular) व अन्य गतिविधियों को संक्षेप में आपके समक्ष रखने जा रहा हूं।

**नामांकन** : वर्ष 2022–23 में विद्यार्थियों की कुल संख्या 1204 है जिसका विस्तृत विवरण तालिका में दिया गया है।

| संकाय | कक्षा | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | ओ.बी.सी. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल |
| **BA** | बी.ए.प्रथम बर्ष | 179 | 151 | 330 | 28 | 32 | 60 | 16 | 07 | 23 | 05 | 05 | 10 |
| | बी.ए.द्वितीय वर्ष | 96 | 85 | 181 | 27 | 22 | 49 | 15 | 10 | 25 | 04 | 03 | 07 |
| | बी.ए.तृतीय वर्ष | 39 | 57 | 96 | 12 | 11 | 23 | 14 | 09 | 23 | 01 | 02 | 03 |
| | **कुल** | **314** | **293** | **607** | **67** | **65** | **132** | **45** | **26** | **71** | **10** | **10** | **20** |
| **B.Com** | बी.कॉम.प्रथम बर्ष | 15 | 13 | 28 | 02 | 06 | 08 | 01 | 01 | 02 | 01 | 00 | 01 |
| | बी.कॉम.द्वितीय वर्ष | 13 | 23 | 36 | 06 | 02 | 08 | 03 | 02 | 05 | 02 | 02 | 04 |
| | बी.कॉम.तृतीय वर्ष | 20 | 14 | 34 | 02 | 01 | 03 | 04 | 01 | 05 | 00 | 01 | 01 |
| | **कुल** | **48** | **50** | **98** | **10** | **09** | **19** | **08** | **04** | **12** | **03** | **03** | **06** |
| **B.Sc** | बी.एस.सी.प्रथम वर्ष | 12 | 03 | 15 | 01 | 01 | 02 | 03 | 03 | 06 | 00 | 00 | 00 |
| | बी.एस.सी.द्वितीय वर्ष | 12 | 10 | 22 | 00 | 01 | 01 | 07 | 04 | 11 | 01 | 00 | 01 |
| | बी.एस.सी.तृतीय वर्ष | 10 | 05 | 15 | 01 | 00 | 01 | 03 | 05 | 08 | 00 | 00 | 00 |
| | **कुल** | **34** | **18** | **52** | **02** | **02** | **04** | **13** | **12** | **25** | **01** | **00** | **01** |
| **B.Voc** | बी.वॉक प्रथम सत्र | 21 | 07 | 28 | 04 | 01 | 05 | 02 | 00 | 02 | 00 | 01 | 01 |
| | बी.वॉक तृतीय सत्र | 07 | 03 | 10 | 03 | 02 | 05 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| | **कुल** | **28** | **10** | **38** | **07** | **03** | **10** | **02** | **00** | **02** | **00** | **01** | **01** |
| **M.A** | एम.ए प्रथम सत्र (राजनीति विज्ञान) | 11 | 13 | 24 | 04 | 01 | 05 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 |
| | तृतीय सत्र | 05 | 16 | 21 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 05 | 05 |
| | **कुल** | **16** | **29** | **45** | **04** | **02** | **06** | **00** | **00** | **00** | **01** | **05** | **06** |
| | एम.ए प्रथम सत्र (अंग्रेज़ी) | 06 | 03 | 09 | 02 | 02 | 04 | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 |
| | तृतीय सत्र | 00 | 02 | 02 | 00 | 01 | 01 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| | **कुल** | **06** | **05** | **11** | **02** | **03** | **05** | **02** | **01** | **03** | **00** | **00** | **00** |
| **M.Com** | प्रथम सत्र | 14 | 10 | 24 | 01 | 03 | 04 | 00 | 00 | 00 | 02 | 00 | 02 |
| | **कुल** | **14** | **10** | **24** | **01** | **03** | **04** | **00** | **00** | **00** | **02** | **00** | **02** |
| | **कुल योग** | **460** | **415** | **875** | **93** | **87** | **180** | **70** | **43** | **113** | **17** | **19** | **36** |

सामान्य वर्ग — 875
अनुसूचित जाति — 180
अनुसूचित जनजाति— 113
ओ.बी.सी. — 36
**कुल छात्र — 1204**

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान' के चलते अब परिणामों का तरीका पहले की व्यवस्था से एकदम बदल गया है। 'ग्रेडिंग सिस्टम' के कारण अब परिणाम C.G.P.A. पर आधारित है। संकायवार परिणाम तैयार किए गए हैं जिसके अन्तर्गत यह तालिका उन विद्‌यार्थियों के परिणामों पर आधारित है जिनके परिणाम घोषित हुए है।

**स्ंकायवार परिणाम तालिका :—बी.ए. / बी.एस.सी / बी.कॉम तृतीय वर्ष**

| कमांक | संकाय | कुल छात्र | उतीर्ण छात्र | महाविद्‌यालय प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कला | 213 | 207 | 97 |
| 2 | विज्ञान | 50 | 47 | 94 |
| 3 | वाणिज्य | 60 | 60 | 100 |

## छात्रवृतियां :

वित्त वर्ष 2022—23 के अन्तर्गत अलग—अलग योजनाओं के तहत विभिन्न वर्गों के विद्‌यार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की गई।

अनुसूचित जाति के अन्तर्गत — छात्रों व छात्राओं, अनुसूचित जनजाति के छात्रों अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं व आई.आर.डी.पी. के छात्र व छात्राओं को डायरेक्ट ट्रांसफर स्कीम के तहत निर्धारित धनराशि लाभार्थियों के बैंक खाता में सीधी डाली गईं।

अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए केन्द्र प्रायोजित छात्रवृति योजना के तहत प्रीति शर्मा और कल्पना चावला छात्रवृति योजना हिमाचल प्रदेश के तहत अक्षिता सोनी को छात्रवृतियां प्रदान की गई।

## बजट

| बजट | वेतन | टीई | ओ.ई. | एम.आर. | एम.आर.आर |
|---|---|---|---|---|---|
| बजट | 38951900 | 14420 | 100000 | 2360 | 2089 |
| खर्चा | 39211365 | 13776 | 96296 | 2360 | 2088 |
| बकाया | — | 644 | 3704 | शुन्य | 1 रूपये |

## स्थानान्तरण एवं रिक्तियां

महाविद्यालय में सत्र 2022–23 के दौरान प्रो0 मोनिका, जीव विज्ञान का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 प्रियंका ठाकुर ने महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

डॉ0 मनीष सूद, वाणिज्य विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर डॉ0 दिनेश सिंह ने पद ग्रहण किया।

डॉ0 हरीश, वनस्पति विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर डॉ0 मान सिंह राणा ने स्थान ग्रहण किया।

डॉ0 मही योगेश, अंग्रेज़ी विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 अशोक शर्मा ने स्थान ग्रहण किया।

प्रो0 राजेश सिंह, गणित विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 पूजा सोहल ने पद ग्रहण किया।

प्रो0 सोहन लाल, भौतिक विज्ञान, का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर किसी ने भी पद ग्रहण नहीं किया।

डॉ0 शीतल ठाकुर, समाजशास्त्र विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 कृष्णा शर्मा ने पदभार ग्रहण किया।

प्रो0 स्नेह लता, भूगोल विभाग को स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू के लिए हुआ और उनके स्थान पर प्रो0 नरेश कमल ने स्थान ग्रहण किया।

प्रो0 ज्योति बाला, शारीरिक विभाग ने बंजार कॉलेज से स्थानांतरित होकर महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 मोनिका, वाणिज्य विभाग ने बंजार कॉलेज से स्थानांतरित होकर महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 राम कुमार, लोक प्रशासन विभाग ने पांगी कॉलेज से स्थानांतरित होकर महाविद्यालय में पद ग्रहण किया।

प्रो0 विरोचन ठाकुर, पर्यटन विभाग की महाविद्यालय में नवनियुक्ति हुई।

श्री हेमन्त दुग्गल ने Supdt. Grade-I के रूप में पद ग्रहण किया।

श्री अनूप राम, श्री यज्ञा चन्द ने LA के पदों पर अपनी नियुक्ति दी।

प्रो0 करम सिंह, भौतिकी विभाग का स्थानांतरण रा.म.वि. कुल्लू को हुआ उनके स्थान पर प्रो0 कश्मीर ठाकुर ने पद ग्रहण किया।

महोदय, जहां तक रिक्तियों का सवाल है, नए भवन को बने नौ वर्षों से अधिक का समय हो चुका है परन्तु 'स्वीपर' के पद रिक्त पड़े हैं और पी.टी.ए. पर एक महिला कार्य कर रही है परन्तु इतने बड़े भवन के लिए एक सफाई कर्मचारी काफी नहीं है।

– महाविद्यालय में छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है और 'रूसा' के बाद लाइब्रेरी में विद्यार्थियों का आना जाना बहुत अधिक बढ़ गया है जबकि पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त है। इसके अतिरिक्त एक एसिस्टेंट लाइब्रेरियन, एक एटैंडेन्ट, एक रिस्ट्रोरर का पद रिक्त पड़ा है।

– विज्ञान संकाय में भी 1 जे.एल.ए., 1 लैब अटेंडेन्ट के पद रिक्त पड़े हैं। इसी तरह संगीत विभाग में लम्बे समय से तबला वादक नहीं है जिस कारण विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को आयोजित करने में कठिनाई आ रही है।

अन्त में एक और महत्वपूर्ण ज़रूरत जो महसूस की जा रही है वह है–प्राध्यापकों की कमी। इस नई व्यवस्था में एक प्राध्यापक तीनों कक्षाओं को चला पाने में

असमर्थ है इस कमी के चलते 'रूसा' के उद्धेश्यों को पूर्ण करना लगभग नामुमकिन है इस कारण विद्यार्थियों के साथ–साथ प्राध्यापकों को भी अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## अभिभावक–अध्यापक संघ (पीटीए):

अध्यापकों–छात्रों–अभिभावकों के बीच संवाद कायम करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में 'पी.टी.ए.' का गठन भी प्रतिवर्ष किया जाता है। संघ न केवल महाविद्यालय प्रशासन के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां में सहयोग करता है बल्कि साथ ही साथ अपने बहुमूल्य सुझावों द्वारा एक सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण भी करता है। सत्र 2022–23 के लिए गठित संघ का विवरण इस प्रकार है :–

प्रधान : श्री पूरन चंद
उपप्रधान : श्री विजय कुमार
सचिव : प्रो0 लाल चन्द
सह सचिव : श्री चने राम
कोषाध्यक्ष : श्री हंसराज
सदस्य : सभी अध्यापक गण

पी.टी.ए. में एकत्रित कुल धनराशि 8,00000/–हुई। इसमें से 38,974 रूपये की धनराशि विभिन्न विकासात्मक/सांस्कृतिक गतिविधियों व छात्रों के हितों से जुड़े अन्य कार्यों हेतु कुछ धनराशि व्यय की गई।

## पूर्व छात्र संगठन (OSA)

पूर्व छात्र संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन मार्च, 2022 को किया गया जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए।

प्रधान : श्री सुमित ठाकुर
उपप्रधान : श्री बबलू ठाकुर
सचिव : डॉ0 उरसेम लता
सह सचिव : सुश्री सिमरन
कोषाध्यक्ष : श्री लाल चंद
सदस्य : श्री करण ठाकुर, सुश्री रीना, श्री अनिल, श्री अरूण ठाकुर

प्रधान श्री सुमित ठाकुर द्वारा एम.कॉम में दाखिला लेने के पश्चात् रिक्त हुए पद पर जुलाई, 2022 को **उप प्रधान श्री बबलू ठाकुर** को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

### पूर्व छात्र संगठन द्वारा महाविद्यालय के लिए किया गया आर्थिक सहयोग :

हिन्दी विभाग द्वारा प्रस्तावित 'ब्यास परिक्रमाः एक विरासत शैक्षणिक पदयात्रा' के प्रथम चरण 'धुंधी से पलचान तक सोलंग, पलचान व कोठी गांव की पदयात्रा में पूर्व छात्र संगठन ने पहले पदयात्रा चरण में 12700 रूपये का आर्थिक सहयोग देकर पहले चरण को सफलतापूर्वक व अत्यंत उत्साहपूर्वक माहौल में पूर्ण करने में महाविद्यालय के विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

विद्यार्थियों में पठन–पाठन के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए पूर्व छात्र संगठन व महाविद्यालय की सौन्दर्यीकरण समीति के संयुक्त प्रयासों से एक Little Free Library का स्पेस खेल के मैदान के एक कोने में तैयार किया गया जिसमें 8700 रूपये की धनराशि व्यय की गई।

## सौर उर्जा प्रोजेक्ट

महाविद्यालय में हिम उर्जा से 70 किलोवाट का सौर उर्जा प्रोजेक्ट का कार्य भी इस सत्र में पूरा किया गया। जिस पर 3307500 रूपये की धनराशि व्यय की गई।

## वातानुकूलन पर हुए व्यय

महाविद्यालय का प्राचार्य कक्ष तथा पुस्तकालय कक्ष वातानुकूलित किया गया। जिस पर 318600 रूपये की धनराशि व्यय की गई।

## रूसा के अंतर्गत व्यय की गई धनराशि–

महोदय, वर्ष 2021–22 में रूसा के अन्तर्गत इस महाविद्यालय को एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई। जिसमें विभिन्न विभागों पर खर्च की गई धनराशि का विवरण निम्नलिखित है–

| S.No. | Items | Total Estimated Amount (in Rs) | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | Installed of A.C in Library and Principal office. | 318,600/- | |
| 2 | Purchase for Computer in Digital Library | 453,520/- | |
| 3 | Fabrication of office cabins | 1,89,556/- | |
| 4 | Maintenance for Badminton Court | 34382/- | |
| 5 | Internet Connection in IT Lab | 81368/- | |
| 6 | Purchase of Books for Library | 3,59,857 | |
| | **Total** | **1437283/-** | |

## पुस्तकालय :

यदि किसी असाधारण प्रतिभा वाले आदमी से हमारा सामना हो तो हमें उससे पूछना चाहिए कि वो कौन सी पुस्तकें पढ़ता है– इमर्सन

उपरोक्त उक्ति के अनुरूप समय–समय पर महत्वपूर्ण पुस्तकों को पुस्तकालय में शामिल किया जाता रहा है और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि ऐसी पुस्तके जिनसे विद्यार्थियों की सोच–समझ व पठन् – पाठन में रूचि बढ़े, को शामिल किया जाए ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके।

विद्यार्थियों से निरंतर संपर्क बनाए जाते हैं और उनकी रूचि व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हिन्दी व अंग्रेज़ी की पत्रिकाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं जिसका विवरण नीचे दिया गया है–

1. हिमाचल व कुल्लू से सम्बन्धित पुरानी दुर्लभ व नवीनतम पुस्तकें लगभग –230
2. 23 सितम्बर, 2022 तक कुल पुस्तकें–4620 इनमें से 1296 पुस्तकें उपहार एवं दान स्वरूप व 3424 पुस्तकें विभागीय धन से खरीदी गई।

3. सत्र के दौरान जुलाई, 2019 से 29 फरवरी, 2021 तक पुस्तकालय सदस्यों (विद्यार्थी एवं प्रध्यापकों) को कुल 528 पुस्तके निर्गम (issue) की गई।
4. सत्र के दौरान जून, 2019 से 28 फरवरी, 2023 कुल 6910 आगन्तुक पुस्तकालय में पुस्तकें निर्गम करने, पढ़ने व सन्दर्भ के लिए आये।
5. सत्र के दोरान 4 दैनिक समाचार पत्र जिनमें दो अंग्रेज़ी (Indian Express और Tribune) दो हिन्दी (1) अमर उजाला (2) दैनिक जागरण पुस्तकालय में पढ़ने के लिए लगाये है।

6. निम्नलिखित 6 पत्रिकाएं जो हिन्दी व अंग्रेज़ी की महाविद्यालय पुस्तकालय के लिए दान स्वरूप मुफ्त आती हैं:
   1 हिमाचल स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ लेंग्वेज़ आर्ट एण्ड क्लचर News Letter 2 Inflibnet News Letter 3वन सन्देश 4 इतिहास दिवाकर 5 मोनाल 6 डाऊन टू अर्थ।

## पत्रिका 'मनुधरा' (2022–23)

पठन–पाठन में रूचि बढ़ाने, लेखकीय प्रतिभा को उभारने के उद्देश्य से पत्रिका मनुधरा बहुत उपयोगी सिद्व हुई है। पिछले अंक इस बात के प्रमाण रहे हैं प्रयत्न रहा है कि पत्रिका में केवल मौलिक लेख छपें। संपादक मण्डल विशेष तौर पर इस बात के प्रति सजग रहता है। 16 साल के इस अन्तराल में इस बार पत्रिका का 14वां अंक प्रकाशित होगा जिसमें वर्ष 2022–23 अंक के लिए चयनित संपादक मंडल का ब्यौरा इस प्रकार है :–

मुख्य संपादकः डॉ0 उरसेम लता

| विषय | अध्यापक संपादक | छात्र संपादक |
|---|---|---|
| अंग्रेज़ी | प्रो0 अशोक शर्मा | कशिश सोनी, बीए तृतीय वर्ष |
| हिन्दी | डॉ0 उरसेम लता | आंचल, बीए द्वितीय वर्ष |
| पहाड़ी | प्रो0 प्रीति ठाकुर | हल्या ठाकुर, बीए तृतीय वर्ष |
| संस्कृत | प्रो0 जीत राम | कुलदीप, बीए तृतीय वर्ष |
| वाणिज्य | डॉ0 दिनेश सिंह | अरूण ठाकुर, बीकॉम तृतीय वर्ष |
| विज्ञान | डॉ0 राम सिंह | निखिल, बीएससी तृतीय वर्ष |

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रमाणन परिषद्
## "NAAC"

महोदय, 2006 में खुले इस महाविद्यालय की यह बड़ी उपलब्धि है कि मात्र 11 सालों के भीतर प्रशासन ने 18–19 सितम्बर, 2017 को NAAC की टीम को आमन्त्रित किया था। टीम ने कॉलेज को 2.44 अंको के साथ बी ग्रेड प्रदान किया। उक्त ग्रेड पहली ही बार में इतने कम प्राध्यापकों व संसाधनों के होते हुए भी महाविद्यालय अर्जित करने में कामयाब रहा। हमारा प्रयत्न है कि हम सभी उन मापदण्डों को पूरा करने की दिशा में कार्य करेंगे ताकि अगली बार बेहतर ग्रेड की ओर बढ़ा जा सके।

## 'कीड़ा दिवस'

दिसम्बर, 2022 को प्रो0 ज्योति बाला की कुशल देख–रेख में सालाना खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ के अलावा शॉट पुट, लॉंग जम्प, हाई जम्प के अतिरिक्त बॉलीवॉल, कबडड्ी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

## गणित विभाग

**1 राष्ट्रीय गणित दिवस :** 22 दिसम्बर, 2022 को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर 'गणित सोसायटी' ने गणित का प्रतिदिन की जीवनचर्या पर प्रभाव पर विद्यार्थियों से अपने विचार साझा करने की पहल की। इस अवसर पर 12 विद्यार्थियों ने कमशः प्रेजेन्टेशन प्रतियोगिता, डूडल प्रतियोगिता, सुडोकु प्रतियोगिता, व्युबिक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और प्राध्यापक प्रो0 पूजा सोहल ने 'वैदिक मैथ्स' पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए।

**2 शैक्षणिक यात्राः** प्रो0 पूजा सोहल, गणित विभाग द्वारा 15–18 दिसम्बर, 2022 को अमृतसर, अटारी बोर्डर, जलियांबाग, स्वर्ण मंदिर और सांईस सिटि की शैक्षणिक यात्रा का आयोजन किया गया।

## 'विज्ञान संकाय'

**1 विज्ञान दिवसः** 28 फरवरी, 2023 को विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के प्राध्यापको के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने सेमिना हॉल में दिवस पर विभिन्न गतिविधियों आयोजित की।

– इस वर्ष का विज्ञान दिवस ग्लोबल सांइस फॉर ग्लोबल वेलविंग थीम पर आधारित था। इस अवसर पर सभी विभागों ने वैज्ञानिक प्रयोगों की प्रदर्शनी लगाई जिसमें कुछ गतिविधियां शामिल थी जैसे ब्लड ग्रुप की पहचान, गणित सम्बन्धी खेलें, प्रश्नोतरी, पोस्टर मेकिंग आदि। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

**2 शैक्षणिक यात्राः** डॉ0 मानसिंह व प्रो0 प्रियंका ठाकुर की अगुवाई में जीव बिज्ञान व वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों को 23 नवम्बर, 2022 को जीवी पंत संस्थान, मोहल का भ्रमण करवाया गया। इस शैक्षणिक गतिविधि को NMSHE के अन्तर्गत आयोजित किया गया था। इस भ्रमण का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को जहां एक ओर औषधीय गुणों युक्त पौधों की जानकारी देना था वहीं पौधों की खेती के बारे में जानकारी देना भी था। इस दौरान संस्थान के डॉ0 केएस कनवाल और डॉ0 किशोर कोठारी ने मनाली के उद्यमी श्री दीनदयाल जी से भी परिचय करवाया जिनसे विद्यार्थियों से मधुमक्खी पालन से सम्बन्धित अन्तयंत महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को मधुमक्खी पालन के तरीकों, सावधानियों, चुनौतियों व फायदों के बारे में अपने ज़मीनी अनुभव साझा किए।

–विद्यार्थियों में लेखन व शोध के प्रति रूचि जागृत करने हेतु समय–2 पर शैक्षणिक यात्राओं का आयोजन किया जाता है। इस संदर्भ मे जीव विज्ञान व वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापकों डॉ0 मान सिंह राणा व प्रो0 प्रियंका की अगुआई में एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा का आयोजन वनस्पति विज्ञान व जीव विज्ञान के विद्यार्थियों को हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान में उपलब्ध फलोरा और फॉना की जानकारी देने हेतु 30 अक्टूबर, 2022 को किया गया। इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यार्थियों को प्राध्यापकों ने इस क्षेत्र में उपलब्ध 31 स्तनधारी जीवों व

209 पक्षियों की प्रजातियों व 12 रेंगने वाले जीवों तथा 125 किस्म के कीटों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उक्त शैक्षणिक यात्रा में कक्षा से बाहर फिल्ड में जाकर ज़मीनी अनुभव प्राप्त किए। यह यात्रा अत्यन्त उत्साहवर्द्धक रही।

## जीव विज्ञान विभाग

**1 वन्य प्राणी सप्ताहः** प्रो0 प्रियंका ठाकुर की देख–रेख में 2–8 अक्टूबर, 2022 को महाविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग द्वारा 'वन्यप्राणी सप्ताह' मनाया गया। इस साप्ताहिक गतिविधि की थीम – Recovering Species for Ecosystem Restoration था। जिसमें प्रकृति के वन्य जीव को लेकर रंगोली, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, पीपीटी, स्लोगन राइटिंग और क्विज़ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**2 जागरूकताः** 24 नवम्बर, 2022 को प्रो0 प्रियंका ठाकुर की देख–रेख में जीव विज्ञान विभाग ने ब्रेस्ट केंसर जागरूकता हेतु डॉ0 कल्पना संघैइक, प्रसिद्ध समाज सेविका के माध्यम से एक व्याख्यान आयोजित करवाया। इस अवसर पर जहां एक ओर छात्राओं को ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी दी गई, वहीं कल्पना संघैइक जी ने अपने व्यक्तिगत अनुभव भी सांझा किए और ब्रेस्ट कैंसर पीड़ित महिलाओं की कई कहानियां साझा करते हुए उनकी कैंसर से लड़ाई व जीत की कहानियां सुनाकर छात्राओं से खुला संवाद ... भी किया।

## हिन्दी विभाग

**विश्व रंगमंच दिवस**– 28 मार्च, 2022 को विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर भारतेन्दु के नाटक 'अन्धेर नगरी व यू–आर अनन्तमूर्ति के घासीराम कोतवाल' का प्रदर्शन व परिचर्चा।

**फिल्म प्रदर्शनी व परिचर्चा**– सामुदायिक विस्तार गतिविधि के अन्तर्गत भाषा एवं संस्कृति विभाग के साथ मासिक गतिविधि 'संवाद–परिसंवाद' के तहत महिला मंडल समूहो के साथ मिलकर लोक सुभाषितों के संकलन, चर्चा के अतिरिक्त दो लघु फिल्मों 'सिग्नेचर' और 'कहानीबाज़' का प्रदर्शन व परिचर्चा 22 अप्रैल, 2022 को की गई।

**ब्यास परिक्रमा यात्रा**–हिन्दी विभाग द्वारा 'ब्यास परिक्रमाः एक विरासत यात्रा' एक प्रोजेक्ट के रूप में शिक्षा को शिक्षा को समुदायों से जोड़ने हेतु शूरू की गई है। इस प्रस्तावित यात्रा का पहला व दूसरा चरण गांववासियों के साथ बैठकें करके यात्रा के सुचारू रूप से प्रबंधन किए जाने से जुड़ा था तथा तीसरे चरण से विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक विरासत पदयात्रा शुरू की जानी प्रस्तावित थी। इस तरह गतिविधि का पहला चरण 29 अपैल , 2022 और दूसरा चरण 14 मई , 2022 को व तीसरा चरण पैदल शैक्षणिक विरासत यात्रा का पहला चरण 21–22 दिसम्बर, 2022 को आरम्भ हुआ। इस तीसरे चरण में धुंधी से आरम्भ करके दो दिन की पदयात्रा सोलंग, पलचान, कोठी गांवो से ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, पर्यावरण सम्बन्धी जानकारियां एकत्र की गईं। उक्त पद यात्रा धुंधी से जिया संगम के बीच 44 चिन्हित गांवो में की जानी प्रस्तावित है। यह पदयात्रा मार्च 2025 तक चलेगी।

**चन्द्रधर शर्मा गुलेरी जंयतीः** 7 जुलाई, 2022 को भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'चन्द्रधर शर्मा गुलेरी' जंयती पर एक गोष्ठी का आयोजन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हरिपुर के विद्यार्थियों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ आयोजित किया गया इस अवसर पर प्राध्यापकों ने पत्र भी प्रस्तुत किए।

**हिन्दी पखवाड़ा**– 14 सितम्बर, 2022 से 28 सितम्बर, 2022 के बीच तीन चरणों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें शब्दभंडार प्रतियोगिता, कविता पोस्टर, व्यर्थ

की वस्तुओं ईंटो/पत्थरों पर साहित्यिक पुस्तकों के चित्रों की कार्यशाला, कैलिग्राफी, सार्वजनिक पत्र लेखन, सुलेख, आत्म परिचय, वाचन प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**भाषा संस्कृति विभाग कुल्लू के साथ गोष्ठियां**– 17 नवम्बर, 2022 को भाषा एवं संस्कृति विभाग कुल्लू व संवाद कुल्लू की ओर से आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी 'अज्ञेयः व्यक्तित्व एवं कृतित्व' में हिन्दी विभाग के 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**यशपाल जयंतीः** 2 दिसम्बर, 2022 को भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से अयोजित ज़िला स्तरीय 'यशपाल जयंती' में निम्बन्ध व कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लेकर दो छात्राओं ने निबन्ध लेखन में प्रथम स्थान हीमा, द्वितीय वर्ष व दीपिका तृतीय वर्ष को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

**राष्ट्रीय संगोष्ठीः विश्व हिंदी दिवस** – 10 जनवरी, 2023 को हिन्दी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय ऑनलाईन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उतर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, शिमला व आयरलैण्ड से स्त्रोतविद् जुड़े।

**राज्यस्तरीय हिन्दी दिवसः** 10 से 12 सितम्बर, 2022 को भाष एवं संस्कृति विभाग, शिमला द्वारा आयोजित हिन्दी दिवस में महाविद्यालय ने कविता पाठ व निबंध लेखन प्रतियोगिता पें भाग लिया जिसमें कविता पाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की आंचल, द्वितीय वर्ष को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

## शारीरिक शिक्षा विभाग

प्रो0 ज्योति बाला प्राध्यापिका, शारीरिक शिक्षा विभाग के कुशल देख–रेख में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा सत्र में निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गईः–

**योग दिवसः** 21 जून, 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आभासी पटल पर मनाया गया। इस आयोजन में राजकीय महाविद्यालय, बंजार व थाची को भी शामिल किया गया।

**राष्ट्रीय खेल दिवसः** 29 अगस्त, 2022 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 10 कि.मी. की लम्बी दौड़ का आयोजन किया गया।

**अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्रीः** 8 सितम्बर, 2022 को हि0प्र0 की 47वीं अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया जिसमें 42 महाविद्यालयों के लगभग 300 प्रतिभागियों व 80 टीम इंर्चाज शामिल हुए।

**राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिताः** 1–13 नवम्बर, 2022 तक चली बाक्सिंग की राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांगड़ा के नगरोटा महाविद्यालय में विवके ठाकुर को रजत पदक प्राप्त हुआ।

**बालीवॉल प्रतियोगिताः** 10 नवम्बर, 2022 को बालीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें 72 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया जिसमें पुरूष वर्ग में जगतसुख टीम व महिला वर्ग में नग्गर टीम विजयी रही।

**स्वास्थ्य जांच शिविरः** 30 नवम्बर, 2022 को महाविद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 400 विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई व 250 विद्यार्थियों ने रक्त जांच भी करवाई।

**शैक्षणिक यात्राः** 15–18 दिसम्बर, 2022 को शारीरिक विभाग के 40 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण यात्रा हेतु अटारी बॉर्डर, स्वर्ण मंदिर, जलियांबाग, सांइस सिटि ले जाया गया।

**राधा एन.जी.ओ.:** 21 दिसम्बर, 2022 को राधा एन.जी.ओ. खखनाल में हुई आगजनी की क्षतिपूर्ति हेतु 5000 रूपये चंदा महाविद्यालय से एकत्रित करके प्रदान किए गए।

**अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिताः** इंटर कॉलेज क्रिकेट के लिए एमएलएसएम कॉलेज सुन्दरनगर में कॉलेज टीम ने भाग लिया। इंटर कॉलेज कबड्डी के लिए महाविद्यालय की टीम ने सीमा कॉलेज में भाग लिया। इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता जोकि कुल्लू में आयोजित की गई में भाग लिया।

**स्नो मैराथनः** विश्व की सबसे ऊँची स्नो मैराथन जोकि लाहुल स्पीति के सिस्सू गांव में 12 मार्च, 2023 को स्नो मैराथन में विभाग की टीम के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## संस्कृत विभाग

**संवाद–परिसंवादः** भाषा एवं संस्कृति विभाग के मासिक कार्यक्रम संवाद–परिसंवाद के अन्तर्गत संस्कृत विभाग के आचार्य प्रो0 जीत राम ठाकुर के नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता व संस्कृत सुभाषितानि लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## वाणिज्य विभाग

**शैक्षणिक यात्राः** वाणिज्य विभाग ने प्रो0 मोनिका के नेतृत्व में तीन दिवसीय शैक्षणिक यात्रा 15 दिसम्बर, 2022 से 18 दिसम्बर, 2022 के बीच आयोजित की जिसमें स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग, अटारी बॉर्डर, पुष्पा गुजराल सांईस सिटि जैसे स्थानों की यात्रा की गई।

**व्याख्यान 1ः** 12 सितम्बर, 2022 को विभाग ने डॉ0 दिनेश सिंह, प्रो0 इंदु ठाकुर और प्रो0 मोनिका की देख–रेख में ICFAI गुड़गांव, दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में स्नातक के बाद वाणिज्य क्षेत्र में रोज़गार की संभावनाओं पर विद्यार्थियों को श्री उमेश कालरा, प्रो0 साहिल द्वारा वक्तव्य दिए गए जिसमें विभाग के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**व्याख्यान 2ः** वाणिज्य विभाग और ज़िला उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'स्वरोज़गार एवं उद्योग विभाग हिमाचल प्रदेश' द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

**ऑडिट की पाठशालाः** 30 अक्टूबर, 2022 को वाणिज्य तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ऑडिट की पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**रक्तदान शिविरः** 22 नवम्बर, 2022 को वाणिज्य सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**जागरूकताः** 16 नवम्बर, 2022 को वितिय एवं बेकिंग फ्रॉड विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सह प्रायोजक थे बैंक ऑफ बड़ौदा। इसमें 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**सेमिनारः** बौद्धिक सम्पदा विषय पर 5 दिसम्बर, 2022 को एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री आलोक मिश्रा, राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा कार्यालय, नई दिल्ली, भारत सरकार मौजूद रहे। इसमें 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## इतिहास विभाग

**स्वतन्त्रता दिवसः** इतिहास विभाग ने स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य पर 13 अगस्त, 2022 को 'घर–घर तिरंगा' की मुहिम के अन्तर्गत प्रश्नोतरी व नाटक लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रो0 प्रीति ठाकुर के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया।

**इतिहास सोसायटीः** महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा 10 मार्च, 2023 को सोसाइटी फंक्शन मनाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्रो0 पी डोलमा रॉकपा जी ने शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मनदीप शर्मा, इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष

प्रो0 प्रीति ठाकुर एवं अन्य कॉलेज स्टाफ इस समारोह में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा शैक्षिक गतिविधियों के दौरान भाषण प्रतियोगिता और प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह की शोभा बढ़ाई तथा मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**शैक्षणिक यात्राः** इतिहास विभाग द्वारा प्रो0 प्रीति ठाकुर की देख–रेख में 16 –19 दिसम्बर, 2022 को 4 दिवसीय शैक्षणिक यात्रा का आयोजन हिमाचल के विभिन्न एतिहासिक स्थानों जैसे नगरकोट का किला, मसरूर रॉक टेम्पल, वैजनाथ, चामुण्डा, ब्रजेश्वरी, ज्वाला जी व मकलोड़गंज की यात्रा की गई। जिसमें 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## संगीत विभाग

प्रो0 भुपेन्द्र शर्मा, संगीत विभाग की देख–रेख में 27 दिसम्बर, 2022 को सेमिनार हॉल में शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य, लोकगीत, फिल्मी गीत व शास्त्रीय नृत्य का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर आयोजन को सफल बनाया।

## अर्थशास्त्र विभाग

29 मार्च, 2022 को प्रो0 लालचन्द ने 'Impact of Russia&Ukrania War on Indian Economy' दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रो0 लालचन्द ने मुख्य विषय पर वक्तव्य देकर विद्यार्थियों को परिचर्चा में हिस्सा लेने और उत्साह दिखाने के लिए बधाई दी।

## केन्द्रीय छात्र संगठन (CSCA)

**आर्ट इंस्टालेशनः** 29 दिसम्बर, 2022 को केन्द्रीय छात्र संघ द्वारा डॉ0 संजू पॉल की चित्रकला प्रदर्शनी 'आर्ट इंस्टालेशन' के रूप में आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्र संगठन को डॉ0 संजू पॉल ने 5000 रू की धनराशि भेंट स्वरूप दी गई।

**अर्न्तध्वनि–2023ः** 24 मार्च, 2023 को केन्द्रीय छात्र संघ द्वारा 'अर्न्तध्वनि–2023' का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

## सौन्दर्यीकरण समीति

22 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय की सौन्दर्यीकरण समिति ने डॉ0 उरसेम लता की देखरेख में टैरेस गार्डन के गमलों की Re-Potting की व नए पौधे रौपे गए।

14 अक्टूबर, 2022 को महाविद्यालय के ओपन थियेटर, सरकारी आवास, छात्रावास की सफाई व पौधारोपण किया गया। पुरानी क्यारियों में खर–पतवार निकाल कर नए फूल रोपे गए।

24 नवम्बर, 2022 को प्रस्तावित योजना के तहत महाविद्यालय परिसर में पड़ी व्यर्थ की वस्तुओं जैसे लकड़ियों, स्लेटों व ईंटो से एक 'Little Free Library Corner' सौन्दर्यकरण समीति व ओएसए के संयुक्त प्रयासों से बनाया गया जिसमें विद्यार्थियों को पठन–पाठन में रूचि बढ़ाने और विद्यार्थियों को मुफ्त किताबें देने के लिए एक प्रयोग किया गया। उक्त Little Free Library Corner 'Best out of Waste' के अन्तर्गत 4 दिसम्बर,2022 को बनकर तैयार हुआ जिसके आस–पास फूलों की क्यारियां बनाकर, बैंच लगाकर कॉनर्र का सौन्दर्यीकरण किया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

**कैम्पस गतिविधियां**: महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई प्रो0 प्रेम के दिशा निर्देश में कार्य कर रही है। इस वर्ष भी एन.एस.एस. ईकाई द्वारा सत्र 2022–23 के बीच में महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों को सम्पन्न किया गया। इसमें Campus Beautification, Plantation, Awareness Campaign regarding voting तथा समय–2 पर विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए Quiz Competition, Declamation तथा Poster Making का आयोजन किया गया है।

**राज्यस्तरीय गतिविधियां**: महाविद्यालय को एन.एस.एस. इकाई ने अक्टूबर, 2022 में राज्य स्तरीय Pre-RD Camp का भी आयोजन किया। इसके अलावा एन.एस.एस. स्वयंसेवियों ने विभिन्न शिविरों में भाग लिया।

– पल्लवी ठाकुर ने 2022 में राष्ट्रीय Pre-RD Camp में भाग लिया।

– संदीप तथा हल्या देवी ने सितम्बर, 2022 में धर्मशाला में Adventure Camp में भाग लिया।

– सिमरन, गीता, अनीशा, रंजीत, रूम सिंह और अश्विनी ने चण्डीगढ़ में Leadership Learning से सम्बन्धित Camp में भाग लिया।

– रोहित ठाकुर व पल्लवी ठाकुर ने जुलाई, 2022 में HIPA, Shimla में Disaster Management से सम्बन्धित Camp में भाग लिया।

**राष्ट्रीय स्तर की गतिविधि**: घनश्याम व पल्लवी के द्वारा जनवरी, 2023 में National Youth Festival में भाग लिया।

**विशेष वार्षिक शिविर**: एन.एस.एस का वार्षिक शिविर प्रो0 प्रेम नेगी, एन.एस.एस. अधिकारी के कुशल नेतृत्व में 25 फरवरी से 3 मार्च के बीच में लगाया गया। इस वार्षिक शिविर में विभिन्न सत्र चलाए गए जिनमें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवियों में नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास प्ररार्थभावना कार्य संस्कृति और नैतिक विकास को सुद्धढ़ करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक व बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस शिविर में कैम्पस सौनदर्यीकरण व साफ–सफाई पौधारोपण का कार्य कैम्पस के अतिरिक्त गोद लिए गए गांव में भी किया गया। इस अवसर पर समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजिक कार्यों के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित श्री धर्म चंद जी ने शिरकत की। बार्षिक शिविर के समापन समारोह में स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मनदीप शर्मा ने एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेवियों को समाज सेवा में अपना योगदान के लिए प्रोत्साहित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से पूरे युनिट की अनुमति प्रदान की गई जो पहले आधा युनिट ही थी।

## रोवर्ज़ एण्ड रेंजर्ज़

**हर घर तिरंगा**: रोवर्ज एण्ड रेंजर्ज़ लीडर प्रो0 जीत राम व प्रो0 प्रीति ठाकुर द्वारा 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के दौरान हर घर तिरंगा मुहिम में भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विदयार्थियों व प्राध्यापकों व प्रचार्य सहित एक रैली का आयोजन भी किया गया।

**राज्यस्तरीय परेड**: महाविद्यालय की चार रेजर्ज़ अनामिका, भुवनेश्वरी, तमन्ना और भारती ने 26 जनवरी, 2023 की राज्य स्तरीय परेड में भाग लिया जो शिमला के रिज मैदान में आयोजित की गई थी।

**नुक्कड़ नाटक**: अटल सदन कुल्लू में महाविद्यालय की टीम ने नुक्कड़ नाटक चुनावी उत्सव का मंचन किया उक्त नुक्कड़ नाटक ज़िला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया था।

World Thinking Day: 24 फरवरी, 2023 को रोवर्ज़ एण्ड रेंजर्ज द्वारा 'World Thinking Day' मनाया गया।

## सामूदायिक विकास गतिविधियां

**गीतों गज़लों भरी शामः** सामुदायिक विस्तार गतिविधि के अन्तर्गत 'बहस नाट्य एवं कलामंच' के अन्तर्गत गीतों गज़लों भरी शाम–लता मंगेश्वर के नाम थीम पर 7 मई, 2022 को एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के आस–पास के युवक मंडल, महिला मंडलो ने भी शिरकत की।

**सीनियर सेंकेडरी स्कूल हरिपुर में चित्रकला कार्यशालाः** समुदायों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करने हेतु महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों अनिकेत व संजना बीए द्वितीय वर्ष ने चित्रकला प्रशिक्षक के रूप में स्कूली विद्यार्थियों की शिक्षा उपरांत खाली समय में चित्रकला कार्यशाला में प्रशिक्षण देने में योगदान दिया। स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमति नीलम कपूर सूद व प्राचार्य डॉ0 मनदीप शर्मा द्वारा शिक्षा में कलाओं के महत्व को ध्यान में रखते हुए विचार–विमर्श के पश्चात उक्त कार्यशाला का आयोजन किया।

## प्राध्यापकों की उपलब्धियां

### प्रो0 मोनिका (वाणिज्य विभाग)

प्रो0 मोनिका ने रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वाणिज्य विषय के अन्तर्गत 30 अक्टूबर से 13 नवम्बर, 2022 के बीच चले Refresher Course में भाग लिया।

### प्रो0 प्रियंका ठाकुर (जीव विज्ञान विभाग)

प्रो0 प्रियंका ने रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित जीव विज्ञान विभाग पर 28 नवम्बर से 12 दिसम्बर, 2022 तक चले Refresher Course में भाग लिया।

प्रो0 प्रियंका का 'Climate change and sustainable food Production: A case for Paradigm shift' विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल ISSN 2320–2882 में पत्र छपा।

### प्रो0 पूजा सोहल (गणित विभाग)

रामानुज कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'Mathematical Science' विषय पर द्विसप्ताहिक Refresher Course 26 सितम्बर–10 अक्टूबर, 2022 में भाग लिया।

### डॉ दिनेश सिंह (वाणिज्य विभाग)

डॉ0 दिनेश सिंह ने रामानुजन कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वाणिज्य विषय के अन्तर्गत 30 अक्टूबर से 13 नवम्बर, 2022 के बीच चले Refresher Course में भाग लिया।

### प्रो0 अशोक शर्मा (अंग्रेज़ी विभाग)

रूपी सिराज कला मंच द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रो0 अशोक शर्मा ने "Folk Litrature of Himachal Pradesh" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

## प्रो0 कृष्णा शर्मा (समाजशास्त्र विभाग)

रामानुज कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'Managing Online Classes & Co-Creating Moocs' विषय पर द्विसप्ताहिक Refresher Course 7–21 नवम्बर, 2022 में भाग लिया।

## प्रो0 सुरेन्द्र कुमार (अंग्रेज़ी विभाग)

प्रो0 सुरेन्द्र कुमार ने 21–29 सितम्बर, 2022 को छः दिवसीय Online Professional Development Programme on Implemantation of NEP-2020 for University and College Teachers में भाग लिया तथा सफलतापूर्वक पूरा किया।

## प्रो0 ज्योति बाला (शारीरिक शिक्षा विभाग)

प्रो0 ज्योति बाला ने आभासी (Online) माध्यम से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी जोकि विश्व ओलंपिक दिवस, 23 जून, 2022 को आयोजित की गई थी, में भाग लिया। उक्त संगोष्ठी का आयोजन डॉ0 हरि सिंह गौड़ विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश, सैंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया था।

## प्रो0 राम कुमार (लोक प्रशासन विभाग)

प्रो0 राम कुमार ने अर्न्तराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'अभियांत्रिकी तकनीक व विज्ञान' का आधुनिकीकरण IRJMETS, के नवम्बर, 2022 अंक में

"An Appraisal and Evaluation of Community Based Disaster Management and Resilience of Kishtwar Town",

"Impact of Cllimate Change on the People of Pangi Tribal Tehsil in Chamba District",

"Disaster Management: An Assessment and Evaluation of the Capacity of District Institution Machinery",

A Panacea of Yoga: A Study of Immunity Development in COVID19 Epidemic Through Yoga Asana" चार पत्र प्रकाशित हुए।

## प्रो0 इन्दु ठाकुर (वाणिज्य विभाग)

प्रो0 इन्दु ठाकुर ने रामानुज कॉलेज दिल्ली विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित Refresher Course 06 जून से 20 जून 2022 में भाग लिया।

प्रो0 इन्दु ठाकुर ने 'हिमालयन कांउसिल और सांइटिफिक रिसर्च' द्वारा आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय संगोष्ठी 16–17 अगस्त, 2022 में भाग लिया और 'Grouth and Structure of Social Services Expenditure in Himalyan States' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

प्रो0 इन्दु ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय हरिपुर और HCSR के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय संगोष्ठी 2–3 अप्रैल, 2022 में 'A Study of Transformation of Social and Cultural Life of Traditional Society in Context of Globlisation : a case study of Lahoula Tribe' पर पत्र प्रस्तुत किया।

## प्रो0 सुरेन्द्र सिंह (राजनीति विज्ञान विभाग)

यूजीसी जर्नल (Web of Science Journal) में जून 2023 को 'The Pangwala, People of Pangi Region: Ethnography of Rituals and Ceremonies, Scienctific Temper' विषय पर शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

इसी शोध पत्रिका में 'Socio -Economic Compulsion on Climate Change and Energy Secuirty of India, Scienctific Temper' विषय पर जनवरी, 2023 को पत्र प्रकाशित हुआ।

आमंत्रित वक्ता– Institute of Human Security and Governance, New Delhi, 23-25 February, 2022 को 'Child Security and Governace' विषय पर सत्राध्यक्ष व आमंत्रित वक्ता के रूप में वक्तव्य प्रस्तुत किया।

Human Resourse Development Centre, Indore, MP द्वारा आयोजित Refresher Course 14–26 नवम्बर, 2022 में आमंत्रित वक्ता के रूप में वक्तव्य प्रस्तुत किया।

Award of Appriciation and Excellence

20 जनवरी, 2023 को पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा Award of Appriciation and Excellence से सम्मानित किया गया।

## डॉ0 उरसेम लता (हिन्दी विभाग)

28 मार्च, 2022 को महाविद्यालय के रसायन विभाग कक्ष में 'विश्व रंगमंच दिवस' के अवसर पर 'अन्धेर नगरी व औरत' नाटक पर समीक्षा पत्र प्रस्तुत किया।

'संवाद–परिसंवाद' भाषा एवं संस्कृति विभाग के मासिक आयोजन जो, हरिपुर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जाता है, में 'लोक सुभाषित' कुल्लुई के संदर्भ में पत्र प्रस्तुत किया।

चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की 'गुलेरी जंयती' पर संवाद परिसंवाद के अन्तर्गत 'उसने कहा था' कहानी पर दृश्य रूपातंरण पर तुलनात्मक पत्र प्रस्तुत किया गया।

देवसदन में आयोजित 'यशपाल जयंती' के अवसर पर 2 दिसम्बर, 2022 को भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यशपाल के उपन्यास दिव्या में स्त्री विमर्श पर पत्र प्रस्तुत किया।

'ब्यास परिक्रमाः एक विरासत यात्रा' त्रिवर्षीय शैक्षणिक यात्रा पर पूर्व छात्र व भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयोजन में सां0/सा0/साहि0 पर्यावरण पक्ष प्रस्ताव पर पत्र प्रस्तुत किया।

विश्व भाषा के रूप में हिन्दी और प्रवासी भारतीयों का हिन्दी साहित्य में योगदान विषय पर 'संवाद–परिसंवाद' महाविद्यालय व भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त आयोजन में पत्र प्रस्तुत किया।

पत्र प्रकाशन– सत्र 2022–23 के दौरान विभिन्न ISBN/ISSN अन्तराष्ट्रीय/राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में 2 शोध आलेख व दो पुस्तक समीक्षाएं प्रकाशित हुई।

अन्र्तराष्ट्रीय शोध पत्रिका IJSSMS/ISSN 2454-4655 में 'पर्यावरण : समाजिक–आर्थिक समस्याएं व सुझाव' विषय पर पत्र प्रकाशित हुआ।

स्वदेशी रिसर्च फांउडेशन एंड पब्लिकेशन (म.प्र.) के मासिक बहुविषयक जर्नल में (ISSN 2454-4655) में 'विषमताओं को देखता कवि का बेचैन मन' विषय पत्र समीक्षात्मक आलेख प्रकाशित हुआ।

लोकायन सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं बहुउद्देश्य संस्थान महाराष्ट्र द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'इंर्पोटेंस ऑफ वेरियस ऐलिमेंटस ऑफ सोसायटी इन फोकआर्ट एवं फोकलोर' में (ISBN 978-81-960143-0-8) 'मिथक व लोक विश्वास : हिमाचल के संदर्भ में' शोध पत्र प्रकाशित हुआ।